>

Title: Regarding girl students being forced into flesh-trade by lady teacher in Delhi.

श्री राम कृपाल यादव : सभापति महोदय, मैं आपके प्रति विशेषे आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण सवाल पर बोलने का अवसर प्रदान किया।

महोदय, मैं जो बात यहां उठाने जा रहा हूं, वह बहुत ही संवेदनशील और समाज के लिए दुर्भागयपूर्ण है। निजी चैनल लाइव इंडिया पर दिखाया गया कि दिल्ली जो देश की राजधानी है और हमारे देश की नाक है, इस पर देश के लोगों की निगाह रहती है। यहां एक स्कूल की शिक्षिका ने अपनी छात्राओं से जो अश्लील हरकत की है, उससे सिर शर्म से झुक जाता है। छात्रा और शिक्षिका का संबंध मां और बेटी का होता है, जिसे कलंकित करने का काम किया है। सर्वोदय कन्या विद्यालय, आसफ अली रोड़ की यह शिक्षिका है। जिसने अपनी छात्राओं के साथ जो हरकत की है, वह किसी भी समाज, राज्य और देश के लिए असहनीय है।

महोदय, मासूम लड़कियों को ब्लैकमेल किया जा रहा है, उनके अश्लील चित्र बनाए जा रहे हैं, ब्लू फिल्म बनाई जा रही है और उसको दिखाकर करके छात्राओं को गलत काम करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। सौदा किया जा रहा है, यह अत्यन्त चिन्ता का विषय है। क्या होगा इस समाज का? यदि इस तरह की हरकत स्कूल में शिक्षा और शिक्षक के माध्यम से की जाएगी तो क्या कोई मां-बाप अपनी पुत्री को स्कूल भेजेगा? यह मासूमों के साथ क्या हो रहा है? समाज कहां जा रहा है? यह हम सभी के लिए चिन्ता का विषय है। जबरन गलत धन्धा करने के लिए मजबूर किया गया, उन्हें गलत काम करने के लिए मजबूर किया गया। क्या ऐसा किसी समाज में होता है?

महोदय, यह केवल दिल्ली की ही बात नहीं है चूंकि यह घटना प्रकाशित हो गई। मैं लाइव इंडिया के पत्रकार को स्टिंग ऑपरेशन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने इस कुकृत्य को देश और समाज के सामने लाने का काम किया है। इस तरह का काम तो पूरे देश में हो रहा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि ऐसे कुकृत्य करने वाली शिक्षिका, जिनका नाम लेना पर्मीसिबल है या नहीं, वे उनका नाम * है।...(व्यवधान)

---

* Not recorded

सभापति महोदय : नाम रिकार्ड में नहीं जाएगा।

â€¦(व्यवधान)

श्री राम कृपाल यादव : मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि उसके खिलाफ ठोस कार्यवाही की जानी चाहिए। सरकार को इस तरह की अपवित्र घटना जो कि विद्या के मंदिर में हो रही है, उस पर ठोस कार्यवाही करनी चाहिए। यहां मंत्री जी बैठे हुए हैं, मैं उनसे मांग करूंगा कि इस पर ठोस से ठोस कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में इस तरह का कार्य करने का किसी को साहस न हो।...(व्यवधान) इस तरह का कार्य करने वाले लोगों के खिलाफ ठोस कार्यवाही होनी चाहिए।...(व्यवधान)

महोदय, इस पर सरकार की तरफ से कोई जवाब आना चाहिए।

सभापति महोदय : श्रीमती करूणा शुक्ला, श्री साधु यादव और डॉ. करण सिंह यादव अपने को इस बात से सम्बद्ध करते हैं।

यह बहुत ही शर्मनाक घटना है। मंत्री जी क्या आप इस पर कुछ कहना चाहते हैं?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI B.K. HANDIQUE): Sir, I also associate myself with the issue raised by Shri Ram Kripal Yadav. ...(*Interruptions*) I will bring this matter to the notice of the hon. HRD Minister. I will not only bring it to the notice of the HRD Minister, but I will bring it to the notice of the Home Minister also, so that proper action is taken immediately.

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet on Wednesday, 5th September 2007 at 11 a.m.

18. 44 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Wednesday, September 05, 2007 / Bhadrapada 14, 1929 (Saka).

----

* Not recorded

---

cd by b [R1]

Fd. By 'd' [R2]

[R3](Cd. by j1)

[r4]francis fanthome ctd

cd. by l [r5]

Contd by n1.e [r6]

Ctd. By o1 [MSOffice7]

(Cd.by p1) [r8]

[r9]cd by

Cont by s1.h [c10]

cd. by a2

[s11]

Cd by h2

[N12]

[r13]Fd by M2

Cd by n2.h [R14]

Cd by o2 [a15]

(cd. by q2) [b16]

Fld by t2.e [r17]

U2fd

[rep18]

[r19](Cd..by w2)